महत्वपूर्ण एवं खास

फांसी लगाकर युवती ने आत्महत्या

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर मोहल्ले में 18 साल की एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या क र ली। युवती का नाम ममता खलखो बताया गया है। आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार गोवर्धनपुर निवासी जसराम खलखो बीते शनिवार को अपनी पत्नी और बेटी ममता के साथ रात का खाना खाकर सो गए थे। जहां पिता घर के बाहर सोए हुए थे, वहीं मां बेटी कमरे में जाकर सो गए। सुबह जब उनकी नींद खुली तो बेटी को फांसी के फंदे पर झूलता पाया। बेटी के अचानक इस तरह फांसी लगाए जाने को जसराम और उनकी पत्नी भी सकते में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया। युवती ममता की आत्महत्या के कारणों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हे। बताया गया दो साल पहले ही उसने अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी जिसके बाद वह घर पर ही रहती थी। हालांकि आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग भी माना गया है, लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है।

नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने सभी युवाओं के सहयोग की जरूरत- सीएम भूपेश बघेल

रायपुर। कांग्रेस सरकार के 60 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदेश के युवाओं से अपनी दिल की बात साझा की है. उन्होंने कहा कि सरकार के इन 60 दिनों के कार्यकाल में मैंने अपना हर एक पल छत्तीसगढ़ की जनता के लिए उपलब्ध रहने और 'नवा छत्तीसगढ़' गढ़ने के संकल्प को पूरा करने की प्रक्रिया में समर्पित करने का प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की चुनौती बहुत बड़ी है और यह मैं अकेले आप सबके सहयोग के बिना नहीं कर सकता. मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से आह्वाहन करता हूं कि वे आरोप-प्रत्यारोप छोड़ कर आगे आएं और नवा छत्तीसगढ़ के सपने को हम सब मिलकर साकार करें. किसी भी प्रदेश के विकास के लिए वहां के युवाओं में एक फौलादी जिगर, दृढ इच्छा शक्ति, पराक्रम, धैर्य और संयम की सख्त जरूरत होती है. कृपया आप मुझे अपना धैर्य और संयम प्रदान करें।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे बम बम भोले के जयकारे

सत्यनारायण बाबा धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच, जगह-जगह हुआ रूद्राभिषेक व भंडारा

न्याय साक्षी/रायगढ़। आज सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगी है। शिवालयों में ऊं नमः शिवाय के जयकारे गुजयमान हो रहे हैं महाशिवरात्रि पर गौरीशंकर मंदिर, निकले महादेव मंदिर,पहाड़ मंदिर, केवड़ाबाड़ी शिवमंदिर, कोसमनारा स्थित सत्यनारायण बाबाधाम, मनकामेश्वर मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों ने भगवान शंकर की विशेष पूजा-अर्चना किया जा रहा है। कोसमनारा स्थित बाबाधाम में दोपहर 1 बजे तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक के साथ जलाभिषेक किया जा रहा है। शिवालयों में पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। लोगों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर बिल्व पत्र, ऋतुफल, पुष्प, चंदन, घी, दही, दूध, अक्षत, आक, शक्कर और भांग से अभिषेक व पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शिवालयों में आज तड़के 5 बजे से ही विशेष पूजा अर्चना के रूप में शंख, घंट ध्वनि, मंदिर की घंटियां बजने लगी और श्रद्धालू भक्तों का तांता लगने के साथ-साथ अनेक शिवालयों में रूद्राभिषेक यज्ञ भी शुरू हो गया। सुबह 9 बजते-बजते सभी शिवालयों मे श्रद्धालू भक्तों विशेषकर महिलाओं की भारी भीड़ जूटने लगी और सुबह-सुबह नहा-धोकर साफ कपड़े पहनकर, पूजा की थाल मे जल दूध, पुष्प, चंदन, बेल पत्र, धूप दीप लेकर पहुंचे भक्तों ने शिवलिंग पर धूप दीप तथा जल के रूप में अपनी श्रद्धा अर्पित कर महाकाल से आशीर्वाद प्राप्त किया।

सोमवार को महाशिवरात्रि पर शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज रही है। सुबह से शहर के सभी शिवमंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा है। शहर के गौरीशंकर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं पूजा करने पहुंच रहे हैं। वहीं यहां सुबह से ऊ नम- शिवाय के पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया जा रहा है। कोसमनारा स्थित बाबाधाम में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने शुरू हो गई थी। बाबाधाम में दर्शन करने के लिए शहर के लोगों के अलावा आसपास ग्रामीण इलाकों के साथ ओडिशा, जांजगीर-चांपा, झारखंड के अलावा अन्य क्षेत्र के लोग सत्यनारायण बाबाधाम बाबा के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। सुबह 4 बजे से दोपहर करीब 1 बजे तक करीब 50 हजार से अधिक लोगों ने बाबा के दर्शन कर चुके है। श्रद्धालु दर्शन करने के लिए कतार में लगे हुए हैं। महिलाएं, युवक-युवतियों के अलावा बुजुर्ग व बच्चे भारी संख्या में बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचे रहे हैं। सत्यनारायण बाबा धाम में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की थी। उधर पंडरीपानी के पास स्थित कैलाशपति धाम मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शंकर की विशेष पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक किया गया। वहीं स्थानीय निकले महादेव मंदिर, फौजदारपारा स्थित शिवमंदिर, गजमार पहाड़ी में स्थित शिवमंदिर, केवड़ाबाड़ी के पास स्थित शिवमंदिर, बेलादुला में स्थि नीलमाधव मंदिर, जगदंबा मंदिर, नील कंठेश्वर महादेव मंदिर व बूजी भवन में स्थित पंचमुखी हनुमान सांई मंदिर एवं सिद्ध पीपलाक्ष महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की जा रही है।

ओपी चौधरी ने आशीष कर्मा को डिप्टी कलेक्टर बनाए जाने पर भूपेश सरकार पर बोला हमला

कहा उन युवाओं के साथ अन्याय है जो कि पीएससी की परीक्षा की तैयारी बरसों से कर रहे हैं

न्याय साक्षी/रायगढ़। पूर्व मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहे महेन्द्र कर्मा के पुत्र आशीष कर्मा को डिप्टी कलेक्टर बनाए जाने पर बीजेपी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। साथ ही सरकार पर उनकी अनदेखी करने के भी आरोप लगाया है। पूर्व आईएएस अधिकारी और भाजपा नेता ओपी चौधरी ने भी सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि इस फैसले को उन युवाओं के साथ अन्याय बताया है जो कि पीएससी की परीक्षा की बरसों से तैयारी कर रहे हैं।

चौधरी ने इस फैसले पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर महेन्द्र कर्मा जीवित होते तो वे अपने बेटे को काबिलियत के आधार पर ही डिप्टी कलेक्टर बनाना चाहते न कि राजनीतिक तुष्टीकरण की बजाय। ओपी चौधरी ने अपने फेसबुक पेज पर इस मामले में लिखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कर्मा परिवार को टिकट नहीं देना चाहती लिहाजा वह दावेदारी रोकने के लिए परिवार के सदस्य को डिप्टी कलेक्टर के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देकर तुष्टिकरण का कदम उठाया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि सिर्फ शहीद कर्मा के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देकर झीरमकांड में शहीद हुए अन्य लोगों के साथ कांग्रेस सरकार ने अन्याय नहीं किया है।

शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी दिलाये जाने के आश्वासन के बाद रेलवे स्टेशन सफाईकर्मियों ने तोड़ी अपनी हड़ताल

न्याय साक्षी/रायगढ़। रेलवे स्टेशन में सफाईकर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। रविवार को सफाई ठेकेदार के द्वारा शासन के द्वारा निर्धारित मजदूरी दिए जाने के आश्वासन के बाद सभी कर्मी वापस काम पर लौट गए। पिछले दो दिन से शासन के निर्धारित राशि से कम पैसे दिए जाने को लेकर सफाईक र्मी हड़ताल पर थे, जिससे रेलवे स्टेशन की सफाई का काम प्रभावित होने लगा था। मामले में रेलवे अधिकारियों ने ठेकेदार पर विवाद को खत्म करने के लिए कहा था।

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2017 से उनके वेतन को बढ़ाते हुए 294 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से देना है। जबकि वर्तमान में उन्हें करीब 223 से 225 रूपए ही दिए जा रहे हैं। शेष राशि को पीएफ के नाम से जमा होना बताया जा रहा है। सफाई कर्मचारियो के अनुसार वर्ष 2017 से उनका वेतन बढ़ गया है। लेकिन अभी तक उन्हें बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिल पा रहा है। सफाई कर्मचारियो ने बताया कि रेलवे स्टेशन में कुल 44 कर्मचारी हैं। जो दिन में 5 शिफ्ट में काम करते हैं। रेलवे के अधिकारियों के आने के दौरान उनसे निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। लेकिन जब बढ़ा हुआ वेतन देने की मांग की जाती है तो उस पर कभी ध्यान नहीं दिया जाता है।

ठेकेदार ने मानी मांग

दो दिन से रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के बाद रविवार को मामले में ठेकेदार द्वारा सभी सफाईकर्मियों को मार्च माह से शासन द्वारा निर्धारित राशि देने का आश्वासन दिया है। हालांकि इसके लिए कोई लिखित रूप से मंजूरी नहीं दी गई है। वहीं 2017 से अब तक कम मजदूरी दिए जाने को लेकर ठेकेदार ने कुछ नहीं कहा। इन दोसालों में मजदूरों के हजारों रूपए ठेकेदार के पास जमा है।

ईपीएफ की राशि निकालने के लिए कहा

बताया गया कि हड़ताल से लौटे सभी सफाईकर्मियों को उनके ईपीएफ में जमा राशि को निकालने के लिए कहा गया है। अब ठेकेदार की तरफ से ऐसा क्यों कहा गया है, यह स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि इसकी जगह नई ईपीएफ एकाउंट शुरू किया जा सकता है, ताकि सालों से काम कर रहे सफाईकर्मियों को जूनियर बनाया जा सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल्ये विरासत पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480